# लखनऊ विश्वविद्यालय

## लखनऊ, उ0प्र0—226007

Web. : www.lkouniv.ac.in, E-mail : registrar@lkouniv.ac.in, Phon/Fax : 0522-2740412


संदर्भ संख्या :............................/सम्बद्धता/2021

दिनांक :..........................................

ई—मेल/रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट/व्यक्तिगत

प्रबन्धक/प्राचार्य,
समस्त सहयुक्त महाविद्यालय,
जनपद—लखनऊ, हरदोई, रायबरेली, सीतापुर एवं लखीमपुर खीरी।

महोदय,

उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या : 1168/सत्तर—2— 2021—16(11)/2017, दिनांक 27.10.2021 द्वारा नवीन महाविद्यालय अथवा पूर्व संचालित महाविद्यालयों में नवीन पाठ्यक्रमों/विषयों के संचालनार्थ सहयुक्तता प्राप्त करने हेतु *"henoc.up.sdc.gov.in"* पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन सुनिश्चित किये जाने के अन्तर्गत निम्नानुसार समय सारिणी निर्धारित की गयी है जिससे पूर्व में ही सूचित किया जा चुका है :—

| | |
|---|---|
| निरीक्षण मण्डल का गठन | 28 फरवरी, 2022 तक |
| निरीक्षण मण्डल द्वारा निरीक्षण आख्या का ऑनलाइन प्रस्तुत किया जाना | 31 मार्च, 2022 तक |
| विश्वविद्यालय द्वारा सम्बद्धता ऑनलाइन प्रदान करने की अन्तिम तिथि | 15 अप्रैल, 2022 तक |

उ0प्र0 शासन के उपरोक्त निर्देशानुसार संदर्भित पोर्टल "henoc.up.sdc.gov.in" के माध्यम से जिन महाविद्यालयों द्वारा सहयुक्तता हेतु निरीक्षक मण्डल नामित किये जाने का आवेदन किया गया है उनमें विश्वविद्यालय द्वारा निरीक्षक मण्डल नामित एवं पोर्टल पर अपलोड किये जा चुके हैं।

अतः जिन महाविद्यालयों को **ऑनलाइन अस्थायी/स्थायी सहयुक्तता** के लिए निरीक्षक मण्डल नामित किये जा चुके हैं, को **निर्देशित किया जाता है कि महाविद्यालय का स्थलीय निरीक्षण कराकर दिनांक 31.03.2022 तक प्रत्येक दशा में स्थलीय निरीक्षण आख्या शासन के पोर्टल "henoc.upsdc.gov.in" पर ऑनलाइन अपलोड कराने एवं उसकी प्रति विश्वविद्यालय में उपलब्ध कराने का कष्ट करें** ताकि निर्धारित अवधि में प्रकरणों का सम्यक निस्तारण किया जा सके अन्यथा की स्थिति में किसी प्रतिकूल परिस्थिति के लिए महाविद्यालय स्वयं उत्तरदायी होगा।

भवदीय

(डॉ0 विनोद कुमार सिंह)
कुलसचिव

संख्या : AF - 4343-45 दिनांक : 07/3/2022

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. प्रबन्धक, समस्त सम्बद्ध/सहयुक्त महाविद्यालय (लखनऊ, हरदोई, रायबरेली, सीतापुर एवं लखीमपुर खीरी) को अनुपालनार्थ।
3. इंचार्ज, वेबसाईट/कम्प्यूटर केन्द्र, ल0वि0वि0 को इस आशय से प्रेषित कि नोटिस को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने एवं समस्त महाविद्यालयों को ई—मेल पर प्रेषित करने का कष्ट करें।
4. गार्ड फाईल।

कुलसचिव